


# सिद्ध गणेश मंदिर मेले को लेकर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की मांग

**नवभारत न्यूज़**
**पिपलानारायणवार 4 जनवरी. तहसील सौसर के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध श्री सिद्ध गणेश मंदिर धाम रिधोरा में आगामी 6 जनवरी को गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर लगने वाले मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।**

श्री सिद्ध गणेश मंदिर धाम समिति के सदस्यों ने पुलिस चौकी पीपला नारायणवर में आवेदन देकर यातायात नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। समिति ने बताया कि पर्व के दिन मंदिर के मुख्य मार्गों पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने से



कई बार अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है। सिद्ध गणेश मंदिर धाम रिधोरा के भक्तों एवं स्थानीय नागरिक का भी कहना है कि पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। पुलिस नें समिति सदस्यों के आग्रह पर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

**गणेश चतुर्थी पर रिधोरा गणेश मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव**

भव्य गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री सिद्ध गणेश मंदिर रिधोरा (धाम )में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया हैं।समिति सदस्यों नें बताया की

कल 05 जनवरी को सुबह 11 बजे श्री गणेशजी का भव्य अभिषेक ,वेद मंत्रोंच्चार व पूजन ,पंडित श्री पार्थ (महाराज) द्वारा होगा। शाम 05 बजे ग्राम में पालकी भ्रमण होगी। 06 जनवरी को सुबह 4 बजे श्री गणेश जी का महाअभिषेक एवं सुबह 06 बजे महापूजा महाआरती होगी।

दोपहर 01 बजे दहीलाही काला किर्तन कथा प्रवक्ता ह.भ.प अनिल महाराज कुरेकार द्वारा हरिकिर्तन होगा।तत्पश्चात महाप्रसाद भंडारा वितरण शाम 04 बजे से होगा। 7जनवरी को शाम 06 बजे कढ़ाई पूजन एवं डहाका भजन कर महाआरती होगी।

### छोटा महादेव में घायल हुआ युवक,पुलिस ने स्थानीय सहयोग से ऊपर लाकर उपचार कराया

**तामिया।** तामिया जंगल मे एक तरफ तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। वही पर्यटन स्थल तामिया में सुरक्षा को लेकर पर्यटक भी गंभीर नही है। आज साल के तीसरे दिन परासिया निवासी कपिल यादव अपनी पत्नी माधवी और 3 साल की बेटी पीहू को लेकर छोटा महादेव गये थे वहा आते समय कपिल अपनी बेटी को कंधे में बिठाये अचानक गिर पड़े। कपिल के पैर में फ्रेक्चर आने के कारण चल नही पा रहे थे।योगेंद्र बंटी मालवीय की तत्काल सूचना पर पवन श्रीवास्तव नितिन दत्ता ने पुलिस के साथ स्थानीय युवाओं को सूचना दी मौके पर टीआई आशीष जैतवार,आरक्षक घनश्याम,रोहित बघेल, स्थानीय युवा नवीन डेहरिया,मनोज विश्वकर्मा,वनरक्षक सोनू भलावी सहित अन्य सहयोगियो ने स्ट्रेचर पर एक किमी की चढ़ाई के बाद कपिल को अस्पताल पहुंचाया। परिवार ने पुलिस प्रशासन सभी का आभार जताया। वन क्षेत्र में झिंगरिया के बाद छोटा महादेव और पहाड़ी क्षेत्र में शाम 5 बजे के बाद बाहरी पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है

## पुलिस कांस्टेबलों पर युवक से मारपीट व अवैध वसूली का आरोप

### युवक की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने एक आरक्षक को किया लाइन अटैच

**नवभारत न्यूज,**
**जुन्नारदेव**,विकासखंड अंतर्गत थाना नवेगांव में एक युवक ने पुलिस कांस्टेबलों पर जबरन मारपीट और अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी अनुसार जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत थाना नवेगांव के निवासी राजू यदुवंशी पिता कैलाश यदुवंशी ने पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को पत्र सौंपकर नवेगांव थाने में पदस्थ आरक्षक रामकिशोर धुर्वे व रूपेश पर बिना गलती के मारपीट करने, थाने ले जाकर थाने के अंदर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है, पुलिस द्वारा पीटे जाने पर युवक को गंभीर चोटे भी आई है।

शिकायतकर्ता ने शिकायत में बताया कि विगत 1 जनवरी 2026 को गोगली देव मेले से लौटते समय उसे बिना किसी गलती के रोका गया और बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित के अनुसार वह अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था, तभी मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने रोका। आरोप है कि पुलिस कांस्टेबल रामकिशोर धुर्वे और रूपेश ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि जब उसने मारपीट का कारण पूछा तो पुलिस कर्मियों ने पुलिस तेरा बाप है जैसे शब्दों का प्रयोग किया। शिकायत में बताया गया है कि मारपीट के बाद युवक को जबरन थाने ले जाया गया, जहां भी कथित रूप से उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित को हाथ-पैर, पीठ, पसली और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज कराया गया है। पीड़ित के पिता ने भी उनके पुत्र को छोड़ने की बात कही तब पुलिस ने ?50000 की मांग की है कि आप भी पिता ने लगाए हैं। पीड़ित की शिकायत पर मामले का संज्ञान लेते हुए जांच उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल ही कांस्टेबल रूपेश को लाइन अटैच किया गया है।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

### अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान की दी गई जानकारी,शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है जन अभियान परिषद अखिलेश जैन

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा,04 जनवरी,** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सौंसर, जिला छिंदवाड़ा/पांढुर्णा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन द्वारा पाठ्यक्रम के समाजसेवी विद्यार्थियों को नेतृत्व विकास एवं लीडरशिप की भावना जागृत करने के सम्बन्ध में सकारात्मक विचारों के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर श्री जैन ने विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, रोजगार के



अवसरों, फील्ड वर्क एवं असाइनमेंट से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर कक्षाओं में उपस्थित रहने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। उन्होंने जन अभियान परिषद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के आगामी अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण अभियान, स्वच्छता अभियान आदि की विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री अनिल बोबडे ने जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के अमूल्य विचारों के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों से आग्रह किया कि परिषद द्वारा सौंपे गए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर जन जागरूकता फैलाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी जनमानस तक पहुँचाना सभी का लक्ष्य होना चाहिए, ताकि विकासखंड सौंसर प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बन सके।

आज की कक्षा में परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर, सुभाष ठाकरे, सुनील डोंगरे, अखिलेश परिहार, श्रीमती शारदा निकम, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि सुखदेव पाटिल, राजेंद्र भकते सहित वीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस पर सौंसर में भव्य आयोजन

### 5 जनवरी को होंगे विविध कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 4 जून.** नगर में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस के उपलक्ष पर भव्य आयोजन रखा गया है। समता सैनिक दल व भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जनवरी को विविध कार्यक्रम होंगे।

बुद्ध विहार से सुबह 11 बजे धम्म रैली, संविधान चौक में दोपहर 1 बजे शौर्य स्तंभ सलामी, मानवंदना, बाजार परिसर पानी कि टंकी मैदान पर मंचीय कार्यक्रम में 2 बजे धम्म देशना, दोपहर 2 :30 बजे अतिथि उद्बोधन, दोपहर 3 :-30 बजे सैनिक सम्मान, नाट्य प्रस्तुति व शाम 5 बजे प्रसिद्ध गायक फैजान ताज द्वारा बुद्ध भीम गीतों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुती होगी,भोजन कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में महाथेरो भंते धम्मसेन, भंते सारीपुत्र कि प्रमुख उपस्थिति होगी। जीओसी बाबाराव चारे कि अध्यक्षता में समता सैनिक दल राष्ट्रीय जीओसी प्रदीप डोंगरे, राष्ट्रीय प्रवक्ता पीसी टेंबरे, ट्रेनिंग चीफ संघप्रियनाग लाडे, पृथ्वी मोटघरे, प्रदेश कमांडर एड हरीश लोनारे, भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ चंद्रबोधि पाटिल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धम्मरतन सोमकुंवर, भाबौमहा राष्ट्रीय महासचिव श्री ढेगरे, जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाटिल आदि मौजूद होंगे।।सामाजिक एकता का संदेश देने क्षेत्र के समस्त बौद्ध- डॉ आंबेडकरी सामाजिक संगठनों, सामाजिक बंधुओं, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, आमजनों से कार्यक्रम की सफ़लता हेतु उपस्थिति की अपील की हैं।

## जिला भाजपा अध्यक्ष मोहोंड ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 4 जनवरी .**आज स्व.मुकेश रूंघे इनके स्मृति में एसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोंड नें फीता काटकर किया। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड नें कहा की यह प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता इंद्रचद डागा ,जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे ,सौसर नगर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े , सौसर नगर मंडल महामंत्री आशीष चांडक , प्रवीण सेलूकर , रामकृष्ण राऊत , सुनील खंडाईत ,



प्रशांत ठाकरे, हरीष यादव , किशोर राउत , सौरभ अढाऊ , अविनाश रुंघे, अशोक घाटवाडे , हर्षल गुर्वे , अभिषेक गुर्वे , यश चौधरी , प्रेम चौधरी , किशोर चवारे , हिमांशु खंडाईत , कुणाल चवारे , रोशन हेड़ाऊ ,श तुषार बरदे तथा अन्य नगरवासी उपस्थित थे।




## डेयरी प्लस योजनांतर्गत मुर्रा भैंसों का वितरण

**पांढुर्णा,**डेयरी प्लस योजनांतर्गत जिला पांढुर्णा में शासन के लक्ष्यानुसार 06 हितग्राहियों को 12 दुधारू मुर्रा भैंसें स्वीकृत की गईं। प्रत्येक हितग्राही द्वारा करनाल (हरियाणा) जाकर दो-दो मुर्रा भैंसें अपनी पसंद से चिन्हित की गईं तथा साथ में गए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ द्वारा टैग लगवाकर संबंधित एजेंसी के माध्यम से करनाल से छिंदवाड़ा तक भैंसों को हितग्राहियों तक पहुँचाया गया। इन भैंसों का वितरण जिले के उपसंचालक डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार के मार्गदर्शन में किया गया। योजनांतर्गत प्रति हितग्राही दो मुर्रा भैंसें स्वीकृत की जाती हैं, जिसमें एक इकाई (दो मुर्रा भैंस) की लागत 2,95,000/- रुपये है। शासन की योजना के अनुसार सामान्य/अ.प.वि. वर्ग को 50 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग को 75 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है।लाभान्वित हितग्राहियों ने बताया कि यह योजना अत्यंत अच्छी एवं लाभप्रद है। योजना के अंतर्गत अपनी पसंद से भैंसों का चयन करने का अवसर मिला, जिससे वे बहुत प्रसन्न हैं। लाभार्थियों ने योजना से लाभान्वित होने पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया।

## संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन के तहत कुंटुब प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित

### परिवार मिलन के माध्यम से विघटित परिवारों को जोडने पर दिया मार्गदर्शन



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 4 जनवरी.**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ परिवार मिलन कार्यक्रम के तहत कुटुंब प्रबोधन का आयोजन किया यगा। स्काई लाईन स्कूल परिसर में कुटूब प्रबोधन अंतर्गत स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने सहभागिता निभाते हुये मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्येष्य वर्तमान समय में विघटित हो रहे पारिवारिक ढांचे को सुदृढ करना तथा पारिवारिक मूल्यों को पुन: स्थापित करना रहा। वक्ताओं ने पारिवारिक एकता, संवाद, संस्कार और सहयोग को समाज की मजबूती की आधारषिला बताया। संघ के रविशंकर कहार ने कहा कि, आज के आधुनिक परिवेष में पारिवारिक मूल्यो का क्षरण हो रहा है। ऐसे समय में परिवार को संरक्षित करना अंत्यत आवष्यक है। परिवार समाज की सबसे मजबूत इकाई है और उसके सुदृढ होने से ही राष्ट मजबूत बनता है। खंडचालक विशाल ठोंबरे ने कहा कि, संघ सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन में स्वयं का जागरण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय शामिल किये गये। जिन पर संघ निरंतर कार्य कर रहा है। खंड संयोजक ब्रजकिशोर सुदा ने कहा कि, आज समाज में बढते बिखराव और विकृतियों को दूर करने की आवष्यकता हैं। समाज को जोडने के लिये भोजन, भजन और सेवा के माध्यम से लोगों को एकजुट किया जा रहा हैं साथही उन्होने मोबाईल के अत्याधिक उपयोग से परिवारों पर पड रहे दुष्प्रभावों से बचने का आव्हान किया। उपस्थित स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने विषय को अत्यंत उपयोगी बताया तथा पारिवारिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बडी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** एमएसडब्ल्यू उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अंकसूची वितरण समारोह आयोजित

# समाज कार्य स्नातकोत्तर की अंकसूची पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएँ

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा, 04 जनवरी** , मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जन अभियान परिषद के सहयोग से महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एमएसडब्ल्यू उत्तीर्ण छात्रों को अंकसूचियों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम कृष्णा डिगरसे (अध्यक्ष, जनपद पंचायतङ्कमोहखेड़), श्री सदन साहू (जिला उपाध्यक्ष भाजपा), पांढुरणा एवं श्री अखिलेश जैन (जिला समन्वयक), छिन्दवाड़ा के शुभ हस्ते संपन्न हुआ।

विकासखंड मोहखेड़ के अध्ययन केंद्र सांदीपनी विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा सदन साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने एक अभिनव पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, जिसके माध्यम से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का दायित्व आप पर है।



उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वंचित वर्गों की सेवा में आगे आकर उनकी सहायता करें, तभी उनका समाज कार्य सार्थक सिद्ध होगा।कक्षा संचालन के दौरान जन अभियान परिषद के राज्य कार्यालय भोपाल से टास्क मैनेजर एवं जबलपुर संभाग प्रभारी अधिकारी श्रीमती प्रियंका दुबे ने वर्चुअली जुड़कर छात्रों से पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा करते हुए समीक्षा की। इस अवसर पर जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने छात्रों से संवाद करते हुए पाठ्यक्रम की महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से मासिक असाइमेंट तथा शासन के प्रमुख अभियानों के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को अपने प्रयोगशाला ग्राम में पूर्ण मनोयोग से संपादित करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने आगामी सप्ताह में जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) द्वारा संचालित होने वाले ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक भवानीप्रसाद कुमरे ने बताया कि पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य नेतृत्व विकास एवं सस्टेनेबल डेवलपमेंट है, जिसे संयुक्त राष्ट्र की अवधारणा के अनुरूप छात्र-छात्राएँ अपने-अपने सेक्टर के मेंटर्स के मार्गदर्शन में प्रयोगशाला ग्रामों में ग्राम सभाओं के सशक्तीकरण तथा परियोजना कार्य सत्र के दौरान पूर्ण करें। इस दौरान सभी मेंटर्स एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की चालानी कार्यवाही

जुन्नारदेव। जुन्नारदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत डुंगरिया पुलिस चौकी के पास जुन्नारदेव पुलिस द्वारा एसडीओपी सुनील वरकडे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी राकेश बघेल के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। मिली जानकारी अनुसार पुलिस द्वारा कुल 13 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है, जिसमें 10 दो पहिया एवं तीन चौपाइयां वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 4500 रुपए का राजस्व वसूला गया है।


**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम—नवरत्न)
सीआईएन नंबर – L74899DLI999GOI101707
IRCTC

आईआरसीटीसी – वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई-टेंडर
(दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
| --- | --- | --- |
| रिफ्रेशमेंट रूम / जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई-टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:**- जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022-47509565-8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।